**Regarding problems faced by Bengali- speaking migrant workers in various states- Laid**

श्री खलीलुर रहमान **(**जंगीपुर**) :** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद ज़िले के बंगाली भाषी प्रवासी मज़दूर, जो असम, ओडिशा और छत्तीसगढ़ में मेहनत-मज़दूरी, फुटकर व्यापार और निर्माण कार्य में लगे हैं, उन्हें कथित रूप से ग़लत तरीक़े से अवैध घुसपैठिया बताया जा रहा है । इससे वे लोग अपमानित और परेशान हो रहें है । चिंता की बात है कि इनके पास आधार, वोटर आईडी जैसे वैध भारतीय दस्तावेज़ होने के बावजूद, कुछ स्थानों पर स्थानीय पुलिस भी इनका उत्पीड़न कर रही है और डर दिखाकर उन्हें जगह छोड़ने पर मजबूर कर रही है । ये लोग भारत के नागरिक हैं, जो सिर्फ़ रोज़ी-रोटी के लिए देश के भीतर काम कर रहे हैं । इन्हें अपने ही देश में पराया बनाना संविधान की मूल भावना और नागरिक अधिकारों का घोर उल्लंघन है । मैं माननीय गृह मंत्री से निवेदन करता हूँ कि संबंधित राज्य सरकारों और पुलिस प्रशासन को सख़्त निर्देश देकर इस अन्याय को तुरंत रोका जाए, और इन मज़दूरों की गरिमा और सुरक्षा सुनिश्चित की जाए ।